**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 02.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

राजधानी रांची के बहुप्रतीक्षित रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण 19 जून को होगा। यह जानकारी रांची के सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दी है। नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के दौरान संजय सेठ ने इस परियोजना की प्रगति की जानकारी दी और इसके लोकार्पण की तिथि निर्धारित करने का आग्रह किया। गडकरी ने 19 जून को उद्घाटन कार्यक्रम के लिए सहमति प्रदान की।

*******************

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने झारखंड हाई कोर्ट में आज क्रिमिनल रिट याचिका दायर की है। उन्होंने चाईबासा के एमपी एमएलए की विशेष अदालत की ओर से जारी गैर–जमानती वारंट को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि वह पहले से ही उपस्थिति से छूट के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर चुके हैं, जो लंबित है। वैसी स्थिति में चाईबासा कोर्ट की ओर से गैर जमानती वारंट जारी करना सही नहीं है।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले के उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने आज सदर अस्पताल, सिविल सर्जन कार्यालय ,आयुष कार्यालय और नेत्र विभाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कई प्रकार की खामियां पायी। उपायुक्त ने कहा कि खामियों को दूर करने का प्रयास किया जायेगा।

*******************

हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रिंदा गांव में अवैध रूप से संचालित महुआ शराब की चार भट्ठियों को उत्पाद विभाग और चौपारण पुलिस ने ध्वस्त कर दिया है। कार्रवाई के दौरान लगभग आठ हजार किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया गया और 200 लीटर अवैध रूप से तैयार महुआ शराब जब्त की गयी। उत्पाद अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार ने बताया कि शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण और सामग्री भी मौके से बरामद की गई है और इस कारोबार में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान भी की गयी है।

*******************

आदिवासी संगठनों ने 4 जून को झारखंड बंद का आह्वान किया है। इस बंद को भारत आदिवासी पार्टी समेत कई संगठनों का समर्थन मिला है। आदिवासी संगठनों ने रांची के सिरमटोली–मेकन फ्लाइओवर के रैंप को हटाने, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा, पेसा कानून लागू करने और रैयती जमीन की लूट पर रोक लगाने जैसी मांगों को लेकर यह बंद बुलाया गया है।

*******************

गढ़वा जिले की करुआ कला पंचायत में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया। इस कड़ी में किसानों को केन्द्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी। किसानों को खरीफ मौसम में फसल उत्पादन को बढ़ाने की तरकीब बतायी गयी। विकसित कृषि संकल्प अभियान टीम में शामिल अजय साहू ने बताया कि इस अभियान का उदेश्य किसानों को वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ना और स्थानीय कृषि समस्याओं का समाधान करना है।

*******************

पलामू का छतरपुर तिरंगा स्ट्रीट लाइट से रोशन होगा। इस पर तकरीबन 4 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

*******************

डुमरी विधायक जयराम महतो ने जेड श्रेणी की सुरक्षा की मांग की है। इस सिलसिले में जेएलकेम के केंद्रीय सचिव राजदेश रतन ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलकर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा है कि जयराम महतो शोषितों, वंचितों और राज्य के जनहित के मुद्दों पर बेहद सक्रिय हैं। ऐसे में कुछ असमाजिक तत्वों को उनकी ऐसी सक्रियता नागवार गुजर रही है और उनकी जान को खतरा है।

*********समाप्त*********